निरीक्षण प्रतिवेदन

सत्यमेव जयते

थाना कार्यालय : बासोपट्टी

निरीक्षण की तिथि : 15.09.2002

डा0 बी0 राजेन्दर
भा0 प्र0 से0
जिला पदाधिकारी,
मधुबनी

डा0 बी0 राजेन्दर, भा0प्र0से0, जिला पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा दिनांक 15-09-2002 को बासोपट्टी थाना का किये गये निरीक्षण से संबंधित अभिलिखित निरीक्षण टिप्पणी ।

= =

1- परिचय :-

बासोपट्टी थाना जिला मुख्यालय से लगभग 45 कि0मी0 की दूरी पर कलुआही-बासोपट्टी मुख्य पथ पर अवस्थित है । इस थाना से 12 कि0मी0 की दूरी पर अन्तर्राष्ट्रीय सीमा (भारत-नेपाल) है, जिसके बगल में धनुषा जिला अवस्थित है, जो नेपाल में पड़ता है । अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर होने के कारण यह थाना अतिसंवेदनशील है ।

बताया गया कि वर्ष 1974 से यह थाना प्रारम्भ हुआ है । इस थाना का सृजन किस अधिसूचना संख्या से हुआ है के संबंध में पूछने पर बताया गया कि इसकी कोई सूचना इस थाना में उपलब्ध नहीं है, जो चिन्ता की बात है । इतना पुराना थाना होने के बावजूद भी किस अधिसूचना से इस थाना का सृजन हुआ, इसकी जानकारी थाना प्रभारी को नहीं है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि जिला मुख्यालय से अधिसूचना की प्रति प्राप्त कर संधारित करें एवं अनुपालन प्रतिवेदन भेजें । यदि मुख्यालय में अधिसूचना की प्रति प्राप्त नहीं होती है, तो आरक्षी महानिरीक्षक, कार्यालय से अथवा गृह (आरक्षी) विभाग, पटना से प्राप्त कर संधारित करना सुनिश्चित करें ।

लगभग 22 दिन पूर्व निरीक्षण की सूचना दिये जाने के बावजूद भी अनुमण्डल आरक्षी पदाधिकारी, जयनगर निरीक्षण के समय उपस्थित नहीं हुए, जो खेद का विषय है । आरक्षी अधीक्षक, मधुबनी से अनुरोध है कि अनुमण्डल आरक्षी पदाधिकारी, जयनगर से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर वस्तुस्थिति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे । आरक्षी निरीक्षक, जयनगर निरीक्षण के समय उपस्थित थे ।

2- भवन :-

बासोपट्टी थाना भवन खादी भण्डार परिसर में भाड़े के मकान में कार्यरत है । थाना के उत्तर दिशा में बबन्देई पोखर, श्री रामजानकी रामसेवक दास महाविद्यालय एवं थाना से पश्चिम मुख्य मार्ग है । निरीक्षण के क्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी, जयनगर द्वारा बताया गया कि बासोपट्टी प्रखंड परिसर में थाना हेतु जमीन उपलब्ध कराने हेतु अंचल अधिकारी, बासोपट्टी के पत्रांक 357 दिनांक 26-11-2001 द्वारा मौजे-बासोपट्टी, थाना नं0-38, संशोधित सर्वे प्लोट नं0- 2809, रकबा 1-0-0 एकड़ की भूमि

लगातार----2/-

हस्तांतरण हेतु जिला मुख्यालय को प्रस्ताव भेज दिया गया है । इस संबंध में अपर समाहर्त्ता, मधुबनी/प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व जमीन हस्तांतरण हेतु प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं अथवा नहीं के संबंध में अपना प्रतिवेदन देंगे । इस थाना को चहारदिवारी नहीं है, जबकि अर्न्तराष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित होने के कारण अतिसंवेदनशील है । कार्यालय में बिजली, दूरभाष की व्यवस्था नहीं है, जिससे काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । थाना में एक गाड़ी उपलब्ध है, जिसका नं0 बी0आर-32-7347 है । थाना प्रभारी का आवास थाना परिसर के पूरब की ओर है । थाना परिसर में महिला हाजत नहीं है ।

थाना में थानाप्रभारी का कक्ष, सिरिस्ता कक्ष, मालखाना कक्ष, वितंतु कक्ष, पुलिस बैरेक उपलब्ध है । निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि मालखाना के एक कमरे में वर्षों पूर्व पकड़े गये गाँजा जप्त कर रखा हुआ है, जो सड़ रहा है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि उक्त गाँजा के निष्पादन की दिशा में अविलम्ब आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें । थाना परिसर में अनावश्यक रूप से पुरानी मोटर साईकिल, कुर्की-जप्ती के दरम्यान जप्त किये गये मच्छरदानी आदि अस्त-व्यस्त स्थिति में पड़ा हुआ है, जिसका निष्पादन किया जाना आवश्यक है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि थाना परिसर में अनावश्यक रूप से पड़े हुए सामानों के निस्तार की दिशा में न्यायालय से सम्पर्क स्थापित कर अविलम्ब आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें एवं अनुपालन प्रतिवेदन दें ।

पूर्व सूचना के बावजूद निरीक्षण टिप्पणी तैयार कर नहीं रखी गयी थी, बल्कि मांग किये जाने पर सूचना/विवरणी उपलब्ध कराई गयी । थाना प्रभारी भविष्य में इस ओर सचेष्ट रहेंगे ।

3- प्रभार :- श्री भगेश कुमार मण्डल, अवर निरीक्षक, दिनांक 21-05-2002 से थाना प्रभारी के प्रभार में हैं । इनके पूर्व श्री रामाश्रय यादव, थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत थे । इस थाना में शुरू से लेकर अब तक पदस्थापित थाना प्रभारियों की सूची (नामपट्ट) उपलब्ध नहीं है, जिससे यह पता नहीं चलता है कि कौन-कौन पदाधिकारी यहाँ पदस्थापित रहे हैं । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि प्रारम्भ से लेकर अब तक पदस्थापित थाना प्रभारियों का नामपट्ट बनवाकर 15 दिनों के अन्दर अनुपालन प्रतिवेदन भेजे, साथ ही उसकी एक प्रति अधीहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध करावें । थाना में नामपट्ट का उपलब्ध रहना आवश्यक है ताकि यह पता चल सके कि

लगातार....3/-

ारम्भ से लेकर अब तक कौन-कौन थाना प्रभारी किस अवधि से किस अवधि तक इस थाना में पदस्थापित रहे हैं ।

– स्थापना :-

बासोपट्टी थाना में स्वीकृत बल की स्थिति निम्नप्रकार है :-

क्रमांक	पद	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	रिक्त	अतिरिक्त
1	2	3	4	5	6
1–	अवर निरीक्षक	2	3	–	1
2–	सहायक अवर निरीक्षक	2	3	–	1
3–	हवलदार	2	–	2	–
4–	आरक्षी	8	2	6	–
	कुल योग :-	14	8	8	2

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि हवलदार का 2 पद एवं आरक्षी का 6 पद रिक्त है जबकि एक अवर निरीक्षक एवं एक सहायक अवर निरीक्षक अतिरिक्त पदस्थापित हैं । आरक्षी अधीक्षक, मधुबनी से अनुरोध है कि स्थिति की समीक्षा कर रिक्त स्थानों के विरूद्ध पदस्थापन की दिशा में समुचित कार्रवाई करें ।

बासोपट्टी थाना में स्वीकृत बल के विरूद्ध पदाधिकारियों के पदस्थापन की स्थिति निम्नवत है :-

क्रमांक	पद	नाम	पदस्थापन की तिथि	गृह पता
1	2	3	4	5
1–	अवर निरीक्षक	भवेश कुमार मंडल	21-05-2002	सा0-सबनपुर, थाना-नारायणपुर, जिला-जामताड़ा ।
2–	अवर निरीक्षक	कपिलदेव सिंह	19-10-2001	सा0-पड़रिया, थाना-नारदीगंज, जिला-नवादा ।

लगातार-4/-. . .

1	2	3	4	5
3-	अवर निरीक्षक	राम बचन सिंह	26-08-2001	सा0-सखदीपुर, थाना-कहलगाँव, जिला-भागलपुर ।
4-	सहायक अवर निरीक्षक	वीरेन्द्र कुमार मिश्र	02-07-2002	सा0-नारायणपुर, थाना-फुलवारीशरीफ, जिला-पटना ।
5-	सहायक अवर निरीक्षक	कापलदेव सिंह	19-04-2002	सा0- पोसला, थाना-नारदीगंज, जिला-नवादा ।
6-	सहायक अवर निरीक्षक	जियालाल माथुर	11-07-2001	सा0- बाराहरख, थाना-पकड़ीदयाल, जिला-पूर्वी चम्पारण ।
7-	साक्षर आरक्षी-542	अनिल कुमार सिंह	02-07-2002	सा0-वोलीपुर, थाना-जमालपुर, जिला-मुंगेर
8-	आरक्षी-307	अरूण कुमार	09-08-2000	सा0-खेतला, थाना-अतरी, जिला-गया
9-	आरक्षी-368	राजदेव राम	15-09-2000	सा0- बड़का लवहर, थाना-बड़हरा, जिला-भोजपुर ।

उपलब्ध रेकर्ड के अनुसार बासोपट्टी थाना में पदस्थापित थाना प्रभारियों की सूची निम्न प्रकार है :-

क्रमांक	पद	नाम	कब से पदस्थापित	कब तक पदस्थापित
1-	अवर निरीक्षक	श्री राम दत्त सिंह	04-08-1984	13-10-1985
2-	अवर निरीक्षक	श्री राम सागर शर्मा	13-10-1985	11-12-1986
3-	अवर निरीक्षक	श्री राम कृपाल सिंह	11-12-1986	14-12-1987
4-	अवर निरीक्षक	श्री भागवत शर्मा	14-12-1987	01-08-1989
5-	अवर निरीक्षक	श्री तारकेश्वर शरण	01-08-1989	26-07-1990
6-	अवर निरीक्षक	मो0 कलामुद्दीन	26-07-1990	07-08-1992
7-	अवर निरीक्षक	श्री मिर्जा सैफुल्लावेज	07-08-1992	16-12-1993

लगातार-5/-. . .

--	अवर निरीक्षक	श्री अनिल कुमार सिंह	16-12-1993	08-09-1994
--	अवर निरीक्षक	श्री शिवजी प्रसाद	08-09-1994	26-08-1996
0-	अवर निरीक्षक	श्री राजेश्वर मिश्र	26-08-1996	12-02-1997
1-	अवर निरीक्षक	श्री चन्द्रमा सिंह	12-02-1997	21-01-1999
2-	अवर निरीक्षक	श्री रामध्यान सिंह	21-01-1999	12-05-2000
3-	अवर निरीक्षक	श्री रामाश्रय यादव	12-05-2000	21-05-2002
4-	अवर निरीक्षक	श्री भवेश कुमार मण्डल	21-05-2002	अद्यतन

- पूर्व निरीक्षण :-

बासोपट्टी थाना का पूर्व में निम्नांकित निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया है :-

क्रमांक	निरीक्षी पदाधिकारियों का नाम	पदनाम	निरीक्षण की तिथि	निरीक्षणटिप्पणी प्राप्त की तिथि	अनुपालन की तिथि
1	2	3	4	5	6
1-	श्री अशोक कुमार गुप्ता	आरक्षी उप महानिरीक्षक, दरभंगा	23-11-1994	03-12-1994	16-07-1995
2-	श्री रंजीत सिन्हा	आरक्षी अधीक्षक	25-01-1983	-	-
3-	श्री अरूण चौधरी	आरक्षी अधीक्षक	10-05-1984	-	-
4-	श्री एन0सी0दोंदियाल	आरक्षी अधीक्षक	24-11-1986	-	-
5-	श्री अजीत दत्त	आरक्षी अधीक्षक	27-02-1988	-	-
6-	श्री एन0सी0 दोंदियाल	आरक्षी अधीक्षक	24-11-1986	-	-
7-	श्री पी0आर0के0नायडू	आरक्षी अधीक्षक	04-12-1992	09-12-1992	23-02-1993
8-	श्री राम लखन प्रसाद	आरक्षी अधीक्षक	19-09-1994	25-09-1994	12-11-1994
9-	श्री राम लखन प्रसाद	आरक्षी अधीक्षक	25-12-1996	02-02-1997	-
10-	श्री शहाब अख्तर	आरक्षी अधीक्षक	24-11-1997	04-12-1997	-

लगातार-6/-. . .

11-	श्री विमलेश प्रसाद सिन्हा	आरक्षी अधीक्षक	28-12-2001	04-02-2002	22-07-2002
12-	श्री एम0आर0नायक	सहायक आ0अधीक्षक	29-11-2000	30-11-2000	01-09-2001
13-	श्री बी0के0मिश्रा	अनु0आ0पदा0बेनीपट्टी	30-03-1993	-	-
14-	श्री बी0के0मिश्रा	अनु0आ0पदा0बेनीपट्टी	24-10-1984	-	-
15-	श्री बी0के0मिश्रा	अनु0आ0पदा0बेनीपट्टी	30-12-1984	-	-
16-	श्री भवेश ठाकुर	अनु0आ0पदा0बेनीपट्टी	04-03-1985	-	-
17-	श्री भवेश ठाकुर	अनु0आ0पदा0बेनीपट्टी	28-01-1987	-	-
18-	मो0 खैरूद्दीन अंसारी	अनु0आ0पदा0जयनगर	27-04-1992	29-04-1992	-
19-	श्री एम0के0अंसारी	अनु0आ0पदा0जयनगर	27-01-1994	03-02-1994	10-08-1994
20-	श्री मो0 रहमान	अनु0आ0पदा0जयनगर	20-12-1995	22-12-1995	-
21-	श्री शम्श तब्रेज	अनु0आ0पदाजयनगर	28-12-1998	22-01-1999	15-05-1999
22-	श्री शम्श तब्रेज	अनु0आ0पदा0जयनगर	26-05-1999	04-06-1999	30-06-1999
23-	श्री देवनारायण कुँवर	आरक्षी निरी0, जयनगर	02-01-1984	-	-
24-	श्री देवनारायण कुँवर	आरक्षी निरी0, जयनगर	30-03-1984	-	-
25-	श्री डी0एन0 कुँवर	आरक्षी निरी0, जयनगर	10-07-1985	-	-
26-	श्री योगानन्द सिंह	आरक्षी निरी0, जयनगर	14-02-1988 से	-	-
27-	श्री भूदेव तिवारी	आरक्षी निरी0जयनगर	16-02-1988 तक 25-03-1990	-	-
28-	श्री भूदेव तिवारी	आरक्षी निरी0, जयनगर	19-10-1990	-	-
29-	श्री के0एन0चौधरी	आरक्षी निरी0, जयनगर	28-09-1992	29-09-1992	22-02-1993
30-	श्री ईश्वरी प्र0 वर्मा	आरक्षी निरी0, जयनगर	09-02-1992	28-02-1992	-
31-	श्री सुरेश चन्द्र तिवारी	आरक्षी निरी0, जयनगर	30-06-1999	07-08-1999	-

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इस थाना का निरीक्षण जिला पदाधिकारी द्वारा नहीं किया गया है । इसके अतिरिक्त आरक्षी अधीक्षक द्वारा वर्ष 2001 के बाद, अनुमण्डल आरक्षी पदाधिकारी द्वारा वर्ष 1999 के बाद, आरक्षी निरीक्षक द्वारा वर्ष 1999 के बाद से इस थाना का निरीक्षण नहीं किया गया है, जो उचित नहीं है । सभी निरीक्षी पदाधिकारियों

लगातार-7/- . . .

से अनुरोध है कि वर्ष में कम से कम एक बार अपने क्षेत्रान्तर्गत के थाना का निरीक्षण अवश्य करें ।

इस थाना का अभी तक किसी भी अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया है । बिहार आरक्षी हस्तक के नियम-32 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि " अनुमण्डल पदाधिकारियों को आरक्षी के संबंध में वही सब शक्तियाँ प्राप्त है, जो अन्य अधीनस्थ मजिस्ट्रेटों को है । हर अनुमण्डल पदाधिकारी का कर्त्तव्य है कि वे अपने अधिक्षेत्र के भीतर सभी थानों का वार्षिक निरीक्षण करें " । अतएव, अनुमण्डल पदाधिकारी, जयनगर को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़नेवाले सभी थानों का वार्षिक निरीक्षण कर निरीक्षण टिप्पणी की प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे ।

निरीक्षण टिप्पणी के लिए एक ही पंजी संधारित है, जिसमें सारे निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा इस थाना का किये गये निरीक्षण टिप्पणियाँ रक्षित है । नियमानुसार सभी निरीक्षी पदाधिकारियों के लिए अलग-अलग रक्षी संचिका संधारित होना चाहिए एवं उसका अनुपालन प्रतिवेदन भी उसी में साँटना चाहिए । इसके अतिरिक्त उपर्युक्त बालिका से यह भी स्पष्ट होता है कि अधिकांश निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा इस थाना का किये गये निरीक्षण का या तो निरीक्षण टिप्पणी प्राप्त नहीं हुआ है या निरीक्षण टिप्पणी का अनुपालन भी नहीं भेजा गया है । सामान्यतः निरीक्षण टिप्पणी प्राप्ति के एक माह के अन्दर अनुपालन प्रतिवेदन भेज दिया जानाचाहिए ।

श्री एम0आर0नायक, सहायक आरक्षी अधीक्षक, जयनगर द्वारा दिनांक 29-11-2000 को इस थाना का किये गये निरीक्षण की टिप्पणी का अवलोकन किया । निरीक्षण टिप्पणी के अनुपालन प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मात्र खाना-पुरी किया गया है । अनुपालन प्रतिवेदन में मात्र यह लिखा गया है कि दिये गये निर्देश का अनुपालन किया जा रहा है । यह परम्परा बिल्कुल ही गलत है । वस्तुतः निरीक्षी पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देश यदि अनुपालन समय -सीमा के अन्दर नहीं होता है, तो निरीक्षण का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता है । अतः थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि सभी निरीक्षण टिप्पणियों का अध्ययन कर , जो भी विन्दु अनुपालन हेतु अवशेष है, उसका अनुपालन प्रतिवेदन 15 दिनों के अन्दर भेजते हुए उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध करावें ।

6- थाना दैनिकी :-

बिहार पुलिस हस्तक के नियम-116 के तहत फार्म सं0-15 में थाना दैनिकी संधारित है, जो दो प्रतियों में है ।

इसे रोजनामचा भी कहा जाता है । कार्बन प्रति प्रतिदिन आरक्षी निरीक्षक को भेज दी जाती है । आरक्षी निरीक्षक द्वारा एक महीने का थाना दैनिकी संकलित कर महीने के अंतिम दिन आरक्षी अधीक्षक को अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु भेज दी जाती है । थाना दैनिकी में हर दो घंटे की महत्वपूर्ण सूचनाओं को अंकित किया जाता है । यह कार्य प्रतिदिन 8-00 बजे पूर्वाह्न से शुरू होकर अगले दिन 8.00 बजे पूर्वाह्न तक अर्थात 24 घंटे का चक्र चलता रहता है । थाना दैनिकी में थाना क्षेत्र में जो भी घटनाएं घटित होती है,उसकी प्रविष्टि की जाती है । इसके अतिरिक्त थाना के पदाधिकारी जब बाहर चले जाते हैं, उक्त तिथि को कोई हाजत में है अथवा नहीं, उक्त तिथि को मौसम कैसा रहा, थाना में कितनी राशि नकद रूप में है, कोई विदेशी थाना क्षेत्र में आया अथवा नहीं आदि की भी प्रविष्टि की जाती है । थाना दैनिकी एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है । थाना दैनिकी का भौलूम संख्या-10302 का अवलोकन किया, जिसमें 1030101 से 1030200 क्रमांकित है । बताया गया कि थाना दैनिकी 100 का भौलूम होता है ।

थाना दैनिकी में दर्ज बासोपट्टी थाना काण्ड संख्या-51/2002 दिनांक 19.8.2002 का अवलोकन किया । यह मामला दहेज हत्या से संबंधित है । इसमें यह जिक्र किया गया है कि ग्राम-सिराही,थाना-बासोपट्टी,जिला-मधुबनी सर्किल नं0-4 से वादी देवेन्द्र पाण्डेय पे0-स्व0 राम जतन पाण्डेय,सा0-मझौरा,थाना-बासोपट्टी,जिला-मधुबनी के फर्द व्यान के आधार पर रामकृष्ण चौधरी पे0-राम अशीष चौधरी अन्य पांच, सभी ग्राम-सिराही,थाना-बासोपट्टी,जिला-मधुबनी के विरूद्ध अंकित किया गया है । काण्ड का सारांश यह है कि वादी देवेन्द्र पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि इनकी भतीजी मृतिका कुमारी देवी की शादी पांच वर्ष पूर्व सिराही ग्राम निवासी राम कृष्ण चौधरी उर्फ मदन चौधरी पे0- राम अशीष चौधरी के साथ सम्पन्न हुई । शादी के बाद से ही दहेज के रूप में भैंस की मांग करते रहे तथा मृतिका को प्रताड़ित करते रहे एवं दिनांक 19.8.2002 को सुबह 6/7 बजे मारपीट किए जिससे वह या तो जहर खा ली या उसके घरवालों द्वारा जहर खिला दिया गया,जिससे उसकी मृत्यु हो गयी । उक्त घटना में प्राथमिकी के अभियुक्तों को दोषी बताया गया है । अनुसंधान के क्रम में मृतिका कुमारी देवी के शव का अन्त्य परीक्षण कराया गया है । सभी अभियुक्त फरार हैं । काण्ड का अनुसंधान अन्तर्गत है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि संबंधित अभियुक्तों को अविलम्ब गिरफ्तार करने की कार्रवाई करें ।

लगातार-9/.....

7- फिरारी पंजी :-

बिहार पुलिस हस्तक के नियम-118 के तहत फार्म-16 में फिरारी पंजी संधारित करना है, जो विहित प्रपत्र में इस थाना में संधारित है । यह दो भाग में होता है । भाग-1 में अपने थाना के अपराधकर्मी का नाम एवं भाग-11 में दूसरे थाना के अपराधकर्मी का नाम अंकित किया जाता है । बताया गया कि भाग -1 में निम्नांकित अपराधकर्मी यथा श्री सोनवा पासवान पिता बद्री पासवान, ग्राम-पतौना 2- श्री धुरन कामत पिता-परसन कामत, ग्राम-जोंकी 3- श्री हरिश्चन्द्र ठाकुर पिता-राजनन्दन ठाकुर, ग्राम-डाम फरार हैं जिसमें से श्री धुरन कामत, जो जयनगर थाना काण्ड संख्या 9(1)/69 धारा-395 भा0द0वि0 के अभियुक्त थे की मृत्यु हो चुकी है । इसी प्रकार भाग-2 में श्री हनीफ मियाँ पिता-जलील मिया, ग्राम-पद्मा (लदनियाँ) फरार हैं जो लदनियाँ थाना काण्ड संख्या 3(9)/53 धारा 457/380 भा0द0वि0 के अभियुक्त हैं । उपरोक्त आँकड़ा के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि एक लम्बे अर्से से चारो अभियुक्त फरार हैं । हो सकता है इनमें से अन्य लोगों की भी मृत्यु हो गयी हो । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि इस संबंध में समुचित छानबीन कर मृत फिरारी का नाम फिरारी पंजी से हटाने हेतु आरक्षी अधीक्षक को अविलम्ब प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें । साथ ही फिरारी अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु भी कार्रवाई सुनिश्चित करें । इस हेतु सघन अभियान चलाकर औचक रूप से छापामारी करें एवं गुप्तचर के द्वारा उनके उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करें । पंजी के अवलोकन से यह भी ज्ञात होता है कि वर्ष 1997 के बाद हाल में इस पंजी का संधारण किया गया है, जो एक गम्भीर विषय है । थाना प्रभारी इस संबंध में अविलम्ब स्थिति स्पष्ट करें ।

8- गिरफ्तार अपराधियों की पंजी :-

बिहार पुलिस हस्तक के नियम-171 के तहत फार्म संख्या-31-ए. में इस पंजी का संधारण किया जाना है । यह पंजी माह-अगस्त तक संधारित है । बताया गया कि इस वर्ष अभी तक 82 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें जनवरी में 6, फरवरी में 6, मार्च में 21, अप्रील में 13, मई में 15, जून में 6, जुलाई में 5 एवं माह अगस्त में 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । इस प्रकार थाना प्रभारी द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु त्वरित कार्रवाई की जा रही है । इससे अपराधियों का मनोबल गिरता एवं विधि-व्यवस्था के संधारण में आसानी होती है ।

9- रिटर्न ऑफ अनएक्सक्यूटेड वारंट :-

बिहार पुलिस हस्तक के नियम- 109 के तहत फार्म सं0-50 में इस पंजी को संधारित करना है, जो संधारित है। इस पंजी के अनुसार दिनांक 14-9-2002 तक कुल 87 वारंट एवं 13 कुर्की तामिला हेतु न्यायालय से प्राप्त हुए थे जिनमें से इस माह में 49 वारंट का तामिला कराया गया है एवं 10 कुर्की का निष्पादन किया गया है। इस प्रकार 28 वारंट एवं 3 कुर्की निष्पादन हेतु लंवित है। लंवित वारंट/कुर्की की विवरणी निम्नप्रकार है :-

पूर्व से लंवित		वर्त्तमान माह में प्राप्त		वर्त्तमान माह में निष्पादित		कुल लंवित	
वारंट	कुर्की	वारंट	कुर्की	वारंट	कुर्की	वारंट	कुर्की
77	13	10	-	49	10	28	03

पदाधिकारीवार लंवित वारंट/कुर्की की विवरणी निम्नप्रकार है :-

क्रमांक	पदाधिकारी कानाम/पदनाम	वारंट	कुर्की
1-	अ0नि0 भवेश कुमार मण्डल	-	-
2-	अ0नि0 कपिलदेव सिंह	18	02
3-	अ0नि0 राम बचन सिंह	19	02
4-	स0अ0नि0 बी0के0मिश्रा	11	03
5-	स0अ0नि0 जियालाल माथुर	19	02
6-	स0अ0नि0 कपिलदेव सिंह	20	04

उपर्युक्त आँकड़ा के अवलोकन से स्पष्ट है कि अभी भी 28 वारंट एवं 3 कुर्की तामिला हेतु लंवित है। थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि लंवित वारंटों एवं कुर्की को 15 दिनों के अन्दर निष्पादित कर अनुपालन प्रतिवेदन भेजें।

10- रजिस्टर ऑफ आर्म्स लाइसेंस :-

बिहार पुलिस हस्तक के नियम-130 के तहत फार्म सं0-25 में यह पंजी विहित प्रपत्र में संधारित है। यह पंजी दिनांक

लगातार-11/-. . .

12-9-2002 को जिला शस्त्र पंजी से मिलान किया गया है । बिहार शस्त्र अधिनियम-48 के तहत वर्ष में एक बार इस पंजी का मिलान करवाया जाना है, जो किया जा रहा है ।

इस थाने में कुल 71 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी हैं, जिसकी विवरणी निम्नप्रकार है :-

(क) डी०बी०बी०एल	-	65
(ख) एस०बी०बी०एल०	-	05
(ग) राईफल	-	01
(घ) रिवाल्वर	-	शून्य
कुल :-		71

11- हाजत पंजी :-

बिहार पुलिस हस्तक के भौलूम-11 के नियम-239 ए. फार्म संख्या-43 ए. में यह पंजी संधारित करना है किन्तु इस थाना में इसका संधारण नहीं किया जा रहा है, जो गम्भीर विषय है । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है । इस पंजी में हाजत में रखेजाने वाले व्यक्तियों के बारे में लिखा जाता है जैसे वह व्यक्ति कब खाना खाया, कब शौच में गया, कब हाजत में आया एवं कब हाजत से बाहर गया आदि का उल्लेख इसमें किया जाता है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि आरक्षी अधीक्षक कार्यालय से विहित प्रपत्र प्राप्त कर एक सप्ताह के अन्दर पंजी संधारित करना सुनिश्चित करें एवं पंजी के सभी कॉलम को भी भरना सुनिश्चित करें । यदि इस पंजी का संधारण सही ढंग से नहीं किया जाता है, कॉलम खाली छोड़े जाते हैं तथा यदि संयोगवश बन्दी के साथ कोई अप्रिय घटना घट जाती है, तो ऐसी स्थिति में यही माना जायगा कि थाना प्रभारी द्वारा अपने कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही बरती गई है । यह पंजी उस समय और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अथवा न्यायालय द्वारा किसी मामले में इस पंजी से संबंधित कोई प्रतिवेदन की मांग की जाती है । उस समय यह पंजी काफी उपयोगी सिद्ध होती है ।

12- तख्ती नं०-1 :-

बिहार पुलिस हस्तक के नियम 76 के तहत तख्तियों को संधारित करना है । तख्ती नं०-1 सरकारी सम्पत्तियों से संबंधित

होती है । इसके अवलोकन से स्पष्ट होता है कि दिनांक 12. 9. 2002 तक संधारित है । इस तख्ती में सरकारी सम्पत्ति की सूची रखी गई है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि परिचारी प्रवर,आरक्षी केन्द्र,मधुबनी से सम्पर्क स्थापित कर सरकारी सम्पति की अद्यतन स्थिति प्राप्त कर लें एवं तख्ती अद्यतन करते हुए एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन प्रतिवेदन दें ।

13- तख्ती नं0-2 :-

थाना में पदस्थापित हर पंक्ति के पदाधिकारियों/आरक्षियों का नाम,पता इस तख्ती में अंकित किया जाता है, जो अद्यतन है ।

14- तख्ती नं0-3 :-

इस तख्ती में विस्फोटक अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त कारखाने, भंडार और दूकानों की सूची रखी जाती है । बताया गया कि इस थाना में यह प्रतिवेदन शून्य है ।

15- तख्ती नं0-4 :-

इस तख्ती में आयुध,गोला-बारूद भंडार तथा कारखाने की सूची रखी जाती है । बताया गया कि इस थाने में यह प्रतिवेदन शून्य है ।

16- तख्ती नं0-5 :-

तख्ती नं0-5 कि-अधिनियम के अधीन अनुज्ञाप्ति प्राप्त दूकानों की सूची रखी जाती है । किन्तु बताया गया कि इस थाना में इस प्रकार का कोई मामला नहीं है ।

17- तख्ती नं0-6 :-

इस तख्ती में उत्पाद शुल्क और अफीम अधिनियमों के अधीन अनुज्ञाप्ति प्राप्त दूकानों की सूची रखी जाती है ।

लगातार-13/-....

इस थाना क्षेत्रान्तर्गत दो अनुज्ञाप्ति प्राप्त देशी एवं विदेशी शराब की दूकान बासोपट्टी बाजार में स्थित है, जिसके अनुज्ञाप्तिधारी का नाम श्री प्रबोद कुमार पे0 स्व0 मिश्री लाल प्रसाद, सा0-थाना-मनीगाछी, जिला-दरभंगा है एवं अनुज्ञाप्ति संख्या क्रमशः 66ए-3/2002-2003 एवं अनुज्ञाप्ति संख्या 66ए-22/2002-2003 है।

18- तख्ती नं0- 7 :-

इस तख्ती में लंबित अन्वेषण काण्ड से संबंधित पदाधिकारियों का नाम अंकित किया जाता है, जो अद्यतन है।

19- तख्ती नं0-8 :-

इस तख्ती में जुआ, गेसिंग सेन्टर आदि के संबंध में सूचना अंकित की जाती है। प्रतिवेदन शून्य है। थाना प्रभारी को कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।

20- तख्ती नं0-9 :-

थाना क्षेत्र में लगनेवाले हाट, बाजार एवं मेले की सूचना इस तख्ती में अंकित की जाती है। तख्ती अद्यतन है एवं लगनेवाले हाट, बाजार एवं मेले की तिथिवार सूचना निम्नप्रकार है :-

क्रमांक	स्थान	बाजार	मेला	हाट
1-	बासोपट्टी	बाजार	दशहरा/ इन्द्रपूजा	मंगलवार एवं शुक्रवार
2-	कमलपुर	बाजार	-	सोमवार एवं वृहस्पतिवार
3-	दुबही	बाजार	-	सोमवार एवं वृहस्पतिवार
4-	सौना	बाजार	-	रविवार एवं बुधवार
5-	मंदथौर	बाजार	इन्द्रपूजा	सोमवार एवं वृहस्पतिवार

21- तख्ती नं0- 10 :-

इस तख्ती में थाना क्षेत्र के पंचायतों के अध्यक्षों, मुखियों और ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं प्रखंड समितियों के अध्यक्षों

के नाम लिखे जाते हैं । इस थाना में यह तख्ती संधारित है एवं अद्यतन है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि उक्त सूची में थाना क्षेत्र के विधायक/पार्षद एवं सांसदों का भी नाम अंकित करें ।

22- तख्ती नं0-11 :-

इस तख्ती में नियम 152 के तहत उन अधिकारियों एवं आरक्षी थानों की सूची रहती है जिन्हें डाक-डाक सूचना भेजी जाती है । पंजी के अवलोकन से स्पष्ट होता है जिला दण्डाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी को एक भी पत्र नहीं भेजा गया है । क्या थाना से जिला दण्डाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी को कोई पत्र नहीं भेजा जाता है? थानाप्रभारी स्थिति स्पष्ट करें ।

23- तख्ती नं0-12 :-

इस तख्ती में दागी व्यक्तियों की सूची रखी जाती है । इस तख्ती के अनुसार इस थाना में कुल दागियों की संख्या 20 है, जिनकी विवरणी निम्नप्रकार है :-

क्रमांक	दागी संख्या	नाम/पिता का नाम	गाँव एवं सर्किल संख्या	जाँच की अवधि
1	2	3	4	5
1-	ए/12	नारायण दास पे0 सिरजू दास	नरकटिया सर्किल नं0-111	मासिक
2-	ए/17	परमेश्वर यादव पे0 राजन यादव	कटैया, सर्किल नं0-4	मासिक
3-	ए/18	नथुनी यादव पे0 स्वरूप यादव	वीरपुर, सर्किल नं0-4	मासिक
4-	बी/98	ब्रह्मदेव यादव पे0 नन्दलाल यादव	सिराही, सर्किल नं0-4	मासिक
5-	बी/99	राम खेलावन ठाकुर पे0 सिंघेश्वर ठाकुर	सिराही, सर्किल नं0-4	मासिक
6-	सी/60	प्रमोद शर्मा पे0 जयनाथ शर्मा	मीना बाजार, बासोपट्टी, सर्किल नं0-1	मासिक
7-	ए/10	गोपाल धानुक पे0 रामजी धानक	वीरपुर, सर्किल नं0-4	त्रैमासिक
8-	ए/14	इस्लाम मियाँ पे0 हनीफ मियाँ	वीरपुर, सर्किल नं0-4	त्रैमासिक
9-	बी/96	उपेन्द्र रविदास पे0-राजदेव रविदास, उर्फ सिंघेश्वर रविदास	छतौनी, सर्किल नं0-4	त्रैमासिक

लगातार-15/-. . . . .

10-	बी0/97	लट्टू मंडल पे0 कारी मंडल	कुदरकट्टा, सर्किल नं0- I	त्रैमासिक
11-	सी0/2	मुस्लिम मियाँ पे0 मो0 अयुब	बासोपट्टी सर्किल नं0-I	त्रैमासिक
12-	सी/59	देवचन्द सॉंती पे0 मोहन सॉंती	भैयापट्टी, सर्किल नं0-III	त्रैमासिक
13-	ए/116	विलट कबाड़ी पे0 पलट कबाड़ी	वीरपुर, मेहतरपट्टी, सर्किल नं0- 4	अर्द्धवार्षिक
14-	ए/131	मो0 तस्लीम पे0 जमीर मियाँ	घोरबंकी, सर्किल नं0-II	अर्द्धवार्षिक
15-	सी/57	जगदीश मिश्र पे0 वंशी मिश्र	भैयापट्टी, सर्किल नं0-III	अर्द्धवार्षिक
16-	ए/15	सुखदेव मंडल पे0 दिलचन्द मंडल	वीरपुर , सर्किल नं0-4	वार्षिक
17-	ए/16	मातवर दास पे0 दुखी दास	नरकटिया , सर्किल नं0-III	वार्षिक
18-	ए/156	विलट दुसाध पे0 रउदी दुसाध	मनमोहन, सर्किल नं0-III	वार्षिक
19-	बी/93	बौकू ततवा पे0 विलट ततवाँ	अरधावा, सर्किल नं0-III	वार्षिक
20-	बी0/94	लोथा ततवाँ पे0 सुवा ततवाँ	अरधावा, सर्किल नं0-III	वार्षिक

24- तख्ती नं0- 13 :-

इस तख्ती में सीमावर्ती थानों के सक्रिय अपराधी की सूची रखी जाती है । इस तख्ती के अनुसार इस थाना के सीमावर्ती थानों के सक्रिय अपराधकर्मियों की सूची निम्नवत है :-

क्रमांक	नाम	पिता का नाम	ग्राम	थाना	जिला का नाम
1	2	3	4	5	6
1-	प्रभात कुमार मिश्र	जयशंकर मिश्र	चम्पा	अरेर	मधुबनी
2-	मनचल यादव	स्व0 अनुप यादव.	चम्पा	अरेर	मधुबनी
3-	बौका गिरी उर्फ सिधेश्वर गिरी		पिपरौन	हरलाखी	मधुबनी
4-	योगी सादा	मुन्नीलाल सादा	फुलहर	हरलाखी	मधुबनी

25- तख्ती नं0- 14 :-

इस तख्ती में अधिकारियों को भेजी जाने वाली विवरणियाँ रखी जाती है । तख्ती अद्यतन है ।

26- तख्ती नं0-15 :-

इस तख्ती में थाना का मानचित्र रखा जाता है । मानचित्र संधारित है । बिहार पुलिस हस्तक के नियम-131 के अनुसार रखे जाने वाले अपराध मानचित्र के अतिरिक्त मजबूत किरमिची अस्तर वाला एक छपा हुआ, थाना मानचित्र भी टंगा रहेगा, जिस पर भट्ठियाँ, शराब की दूकाने, सार्वजनिक घाट, चौकीदारी यूनियन की सीमाएँ, सीमावर्त्ती आरक्षी थानों के चित्र काट-काटकर चिपकाये जायेंगे, नेपाल या अन्य देश के सह-सीमस्थ हों तो इन देशों के सह-सीमस्थ थानों का मानचित्र चिपकाये जायेंगे । किन्तु इस अनुदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि नियम-131 के तहत एक सप्ताह के अन्दर आवश्यक कार्रवाई करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन भेजें ।

27- तख्ती नं0-16 :-

इस तख्ती में सरकारी अधिसूचना की प्रति, थाना नं0-, गाँवों की संख्या, आवादी, क्षेत्रफल आदि रखी जाती है। उपलब्ध सूचना के अनुसार इस थाना का कुल क्षेत्रफल 13036 हेक्टर, कुल जनसंख्या-2,09,461 एवं राजस्व गाँवों की संख्या 34 के अतिरिक्त थानानं0-38 है एवं पंचायत 15 हैं ।

उपर्युक्त सभी तख्तियों के अवलोकन से ज्ञात होता है कि तख्तियाँ तो संधारित की गई है, परन्तु कुछ तख्तियों में अद्यतन सूचनाओं का अभाव है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाताहै कि 15 दिनों के अन्दर सूचनाओं को अद्यतन कर तख्ती में संधारित कर अनुपालन प्रतिवेदन भेजें ।

28- सब इन्सपेक्टर नोट बुक :-

बिहार पुलिस हस्तक के नियम- 357 के तहत फार्म सं0-75 बी में सब इन्सपेक्टर नोट बुक संधारित करना है । इस थाना में यह नोट बुक विहित प्रपत्र मेंसंधारित नहीं है । थाना प्रभारी द्वारा निजी डायरी में संधारित किया जा रहा है, जिसमें महत्वपूर्ण सूचनाओं/घटनाओं की सूचना दर्ज की जा रही है ।

लगातार- 17/-. . . .

29- खतियान इन्सपेक्शन रजिस्टर पार्ट-I :-

यह विहित प्रपत्र में संधारित है । इसमें 64 कॉलम हैं एवं अद्यतन है । यह आरक्षी निरीक्षक द्वारा लिखा जाता है ।

30- खतियान इन्सपेक्शन रजिस्टर पार्ट-II :-

यह विहित प्रपत्रमें संधारित है, जिसमें मासिक रूप से पदाधिकारीवार केस रिपोर्ट, अनुसंधानकर्त्ता का नाम अभिलेख का निष्पादन किस वर्ष करना है आदि थाना प्रभारी द्वारा लिखा जाना चाहिए, जो नहीं लिखा जा रहा है । पंजी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि पंजी में पेंसिल से लिखा गया है। थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि इसे सही ढंग से संधारित करना सुनिश्चित करें ।

31- सी0डी0 पार्ट-I :-

इसमें दागी व्यक्तियों(डोसियर्स) की सूची रखी जाती है । इस पंजी के अनुसार इस थाना में कुल 20 दागी व्यक्ति हैं । पंजी सही ढंग से संधारित नहीं है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाताहै कि इसे सही ढंग से संधारित करनासुनिश्चित करें । थाना प्रभारी को यह भी निर्देश दिया जाता है कि दागी व्यक्तियों के ऊपर कड़ी निगरानी रखें ।

32- सी0डी0पार्ट-II :-

इस पंजी में सम्पत्ति से संबंधित अपराध के मामले दर्ज किये जाते हैं । जब किसी व्यक्ति के विरुद्ध अपराध साबित हो जाता है, तो उसे इस पंजी में सूचीबद्ध कर दिया जाता है । इसमें दूसरे थाना का केस लाल स्याही से एवं अपने थाना का केस काला स्याही से अंकित किया जाता है । पंजी का अवलोकन किया गया । श्री परमेश्वर यादव पे0 राजन यादव, ग्राम-कटैया, जो बासोपट्टी थाना क्षेत्रान्तर्गत अपराधी है, का नाम लाल स्याही से लिखा गया है, जबकि इसका नाम काला स्याही से होना चाहिए । यह पंजी के क्रमांक -31 पर अंकित है । इसमें कोई ताल-मेल नहीं हो रहा है । थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि इस पंजी का स्वयं अध्ययन कर पंजी के सभी कॉलम को सही-सही ढंग से नियमानुसार भरना सुनिश्चित करें ।

33- सी0 डी0पार्ट-III :-

इस पंजी में थाना क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण विषयों परयथाधार्मिक, कृषि, साम्प्रदायिक, भू-विवाद, राजनैतिक मामलों पर

लगातार- 18/-. . .

गोपनीय अभ्युक्तियाँ वर्षवार अंकित की जाती है ।। पंजी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इस थाना क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई घटना नहीं घटी है । पंजी का संधारण सही ढंग से किया जा रहा है ।

34- अल्फावेट अनुक्रमणी पंजी :-

यदि किसी व्यक्ति के चरित्र सत्यापन का मामला आता है, तो उसे अल्फावेट अनुक्रमणी पंजी से नाम देखकर सी0डी0 पार्ट-।। से जानकारी ली जाती है । अल्फावेट पंजी में वैसे व्यक्तियों का नाम रहता है, जो किसी मामले में संलिप्त होते हैं । यह पंजी सी0 डी0 पार्ट-।। में अंकित व्यक्तियों के आधार पर बनाई जाती है । यदि इस पंजी में अंकित व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो उसका नाम लाल स्याही से काट दिया जाता है । यह पंजी अच्छे ढंग से संधारित की जा रही है ।

35- एम0ओ0 रजिस्टर :-

बिहार आरक्षी हस्तक के नियम-357 के तहत फार्म सं0 76 ए. में एम0 ओ0 रजिस्टर संधारित की गई है । इस रजिस्टर में अपराधियों के अपराध करने की शैली जैसे लूटपाट किया गया अथवा नहीं, लाठी-डंडा से मारपीट किया गया या नहीं, गृह भेदन किया गया अथवा नहीं, उनके द्वारा जाते समय क्या-क्या बोला गया आदि की प्रविष्टि की जाती है । पंजी सही ढंग से संधारित नहीं किया जा रहा है । थाना प्रभारी को इसे सही ढंग से संधारित करने का निर्देश दिया गया ।

36- अप्राकृतिक मृत्यु :-

अप्राकृतिक मृत्यु पंजी विहित प्रपत्र में संधारित है । विगत पाँच वर्षों का अप्राकृतिक मृत्यु से संबंधित आँकड़ा निम्न प्रकार है :-

वर्ष	सर्प दंश से	पानी में डूबने से	आग लगने से	पेड़ से गिरने से	जहर खाने से	फाँसी लगाने से	बिजली करंट से	विविध	योग
1997	1	-	1	-	1	1	-	-	3
1998	1	-	-	-	-	1	-	-	2
1999	-	1	1	-	2	-	-	1	5
2000	-	3	1	-	1	-	-	-	5
2001	1	-	5	-	2	1	-	-	9
2002	1	-	3	-	-	1	-	-	5

(14-9-2002 तक)

लगातार-19/-. . .

लंबित अप्राकृतिक मृत्यु अभियोग की विवरणी निम्नप्रकार है :-

क्रमांक	काण्ड संख्या	दिनांक	अनुसंधान पदाधिकारी का नाम	लंबित का कारण
1	2	3	4	5
1-	यू0डी0कांड सं0 1/93	16-5-1993	स0अ0नि0 अशोक कुमारसिंह	प्रभार हेतु ।
2-	यू0डी0कांड सं0 4/94	23-9-1994	स0अ0नि0 के0 डी0सिंह	पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु ।
3-	यू0डी0कांड सं0 5/94	24-12-1994	स0अ0नि0 के0 डी0सिंह	पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु ।
4-	यू0डी0कांड सं0 8/95	16-10-1995	स0अ0नि0 जियालाल माथुर	मीसरा जाँच प्रतिवेदन हेतु।
5-	यू0डी0कांड सं0 1/97	17-01-1997	स0अ0नि0 जियालाल माथुर	मीसरा जाँच प्रतिवेदन हेतु ।
6-	यू0डी0कांड सं0 3/2000	13-10-2000	अ0नि0 एम0 बानरा	प्रभार हेतु ।
7-	यू0डी0कांड सं0 1/2001	15-02-2001	स0अ0नि0 जिला लाल माथुर	पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु ।
8-	यू0डी0कांड सं0 2/2001	26-02-2001	अ0नि0 के0 डी0सिंह	पर्यवेक्षण हेतु ।
9-	यू0डी0कांड संख्या 3/2001	20-5-2001	स0अ0नि0 बी0के0 मिश्रा	पर्यवेक्षण हेतु ।
10-	यू0डी0कांड संख्या 3/2001	02-07-2001	अ0नि0 के0 डी0सिंह	पर्यवेक्षण हेतु ।
11-	यू0 डी0कांड संख्या 8/2001	26-7-2001	अ0नि0 रामेश्वर तिवारी	प्रभार हेतु
12-	यू0डी0कांड सं0 9/2001	06-11-2001	अ0नि0 के0डी0सिंह	मीसरा प्रतिवेदन हेतु ।
13-	यू0डी0कांड सं0 1/2002	20-02-2002	अ0नि0 रामाश्रय यादव	प्रभार हेतु ।
14-	यू0डी0कांड सं0 2/2002	03-04-2002	स0अ0नि0 जियालाल माथुर	पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु ।
15-	यू0डी0कांड सं0 3/2002	17-4-2002	अ0नि0 राम बच्चन सिंह	आदेश हेतु ।
16-	यू0डी0कांड सं0 4/2002	21-5-2002	अ0नि0 भवेश कुमार मंडल	
17-	यू0डी0कांड सं0 5/2002	04-06-2002	स0अ0नि0 जियालाल माथुर	पर्यवेक्षण हेतु ।

लगातार-20/-. . .

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि यू०डी०कांड संख्या 1/93, 4/94, 5/94, 8/95, 1/97 एवं यू०डी०कांड संख्या 3/2000 काफी दिनों से लंबित चला आ रहा है । थानाप्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि लंबित सभी कांडों के शीघ्रातिशीघ्र निष्पादन की दिशा में समुचित कार्रवाई करेंगे । अनुमण्डल आरक्षी पदाधिकारी, जयनगर भी अपने स्तर से अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे ।

